संचिका सं0–1/विविध–57/2019– 298(7)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शंभु शरण, भा.प्र.से.

सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

1. Chief Engineer, HITES, AVP & HOD &(PCD & BME), B-14, Block B, Sector-62 Noida-201309
2. Chief Engineer, C.P.W.D., आशियाना, दीघा, पटना ।
3. प्राचार्य, श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर / दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय, दरभंगा / जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, भागलपुर / पटना चिकित्सा महाविद्यालय, पटना।
4. निदेशक, इन्दिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना ।

पटना, दिनांक– 12/09/2025

विषयः– ए0सी0–डी0सी0/यू0सी0 विपत्र के समायोजन के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका व्यक्तिगत ध्यानाकृष्ट करते हुए कहना है कि अबतक ए0सी0–डी0सी0/यू0सी0 विपत्रों पर निकासी की गयी राशि के समायोजन कराने का समय–समय पर विभाग द्वारा दिये गये निदेश के बावजूद इस संबंध में कृत कार्रवाई संतोषजनक नहीं है और बड़ी राशि अबतक समायोजन हेतु लंबित है ।

मुख्य सचिव एवं वित विभाग द्वारा लंबित राशि के समायोजन हेतु लगातार समीक्षा की जा रही है । समीक्षा के क्रम में ए0सी0–डी0सी0/यू0सी0 विपत्रों पर निकासी की गयी असमायोजित राशि को प्राथमिकता के आधार पर समायोजित कराने का निदेश समय–समय पर दिया जाता रहा है ।

विभागीय स्तर पर समीक्षा के दौरान केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत **PMSSY** के तहत् राज्यांश मद अन्तर्गत स्वीकृत एवं व्ययगत राशि के विरूद्ध आपके कार्यालय के लंबित डी0सी0/यू0सी0 विपत्र को प्राथमिकता पर तैयार कर समायोजन हेतु महालेखाकार कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना है ।

| क्रम सं0 | कार्यालय का नाम | लंबित डी0सी0/यू0सी0 विपत्र की राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 | DMC, दरभंगा | 30.12 |
| 2 | SKMC, मुजफ्फरपुर | 30.00 |
| 3 | JLNMC, भागलपुर | 11.77 |
| 4 | PMC, पटना | 35.09 |
| 5 | IGIMS, पटना | 13.00 |
| | कुल | 119.98 |

उक्त लंबित डी0सी0/यू0सी0 विपत्र को प्राथमिकता पर तैयार कर समायोजन हेतु महालेखाकार कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु दिनांक—18.09.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन में सचिव, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्षता में विभागीय सभा कक्ष में बैठक आहूत की गयी है । केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत संस्थानवार चयनित एजेन्सी के बिहार अवस्थित कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी उक्त बैठक में भौतिक रूप से भाग लेंगे जबकि मुख्यालय अवस्थित कार्यालय विडियो कॉफ्रेन्सिग के माध्यम से इस बैठक में भाग लेंगे जिसके लिए अलग से लिंक ससमय उपलब्ध कराया जायेगा । साथ ही संबंधित प्राचार्य/ निदेशक, आई0जी0आई0एम0एस0, पटना विडियो कॉफ्रेन्सिग के माध्यम से बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे ।

विश्वासभाजन,

12.9.25

( शंभु शरण )
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक— 298(7) पटना, दिनांक— 12/09/2025

प्रतिलिपिः— आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपिः— श्री दिग्विजय कुमार, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/9/25

सरकार के अपर सचिव ।